# सुपरवाइज़री लाइसेंस: मोबाइल फूड वेंडर्स को क्या जानना चाहिए

एक नया स्थानीय कानून इसमें बदलाव करता है कि मोबाइल फूड वेंडर्स को साल-भर का (पूर्णकालिक) मोबाइल फूड वेंडिंग (mobile food vending, MFV) परमिट कैसे मिल सकता है और वर्ष 2032 तक परमिट्स की संख्या को 4,450 तक बढ़ाता है। विशेष रूप से, नया कानून:

- एक नए प्रकार का MFV लाइसेंस बनाता है जिसे सुपरवाइज़री लाइसेंस कहा जाता है। एक सुपरवाइज़री लाइसेंस विक्रेताओं को एक परमिट के लिए आवेदन करने की अनुमति देता है। दो प्रकार के सुपरवाइज़री लाइसेंस हैं: एक शहरव्यापी लाइसेंस और Manhattan को छोड़कर न्यूयॉर्क सिटी (New York City, NYC) की सभी बरोज़ के लिए एक लाइसेंस (गैर-Manhattan)।
- इसके तहत NYC स्वास्थ्य और मानसिक आरोग्यता विभाग (स्वास्थ्य विभाग) के लिए वर्ष 2032 तक हर साल आवेदनों की निम्न संख्या प्रस्तुत करना आवश्यक है:
  - शहरव्यापी सुपरवाइज़री लाइसेंसों के लिए 100 आवेदन।
  - गैर-Manhattan सुपरवाइज़री लाइसेंसों के लिए 300 आवेदन।
  - विकलांग लोगों और सेवानिवृत्त अमेरिकी सैनिकों के लिए शहरव्यापी सुपरवाइज़री लाइसेंसों के लिए 45 आवेदन।
- इसके तहत सुपरवाइज़री लाइसेंस-अनुमत यूनिट के लिए एक सुपरवाइज़री लाइसेंस धारक का साइट पर काम करना आवश्यक है, जब भी यूनिट का संचालन चल रहा हो।

ये परिवर्तन अस्थायी (Seasonal) परमिट, Green Cart परमिट या प्रतिबंधित क्षेत्र परमिट वाले MFV पर लागू नहीं होते। इन यूनिट्स के लिए सुपरवाइज़री लाइसेंस की आवश्यकता नहीं है।

यदि वर्तमान में आपके पास एक शहरव्यापी या बरो-विशिष्ट परमिट है जो 1 जुलाई, 2022 से पहले जारी किया गया था, तो आपके यूनिट को 1 जुलाई, 2032 तक सुपरवाइज़री लाइसेंस धारक की आवश्यकता नहीं होगी। स्वास्थ्य विभाग इस आवश्यकता से जुड़े नियम बाद में जारी करेगा।

यदि आप पूर्ण अवधि, शहरव्यापी या बरो-विशिष्ट परमिट, के लिए प्रतीक्षा सूची में थे, तो आपका नाम एक सुपरवाइज़री लाइसेंस प्रतीक्षा सूची में शामिल किया जाएगा। ये पिछली परमिट प्रतीक्षा सूचियाँ अब बंद हो गई हैं।

**मुझे सुपरवाइज़री लाइसेंसों के बारे में क्या जानने की ज़रूरत है?**

सुपरवाइज़री लाइसेंस केवल एक व्यक्ति को जारी किया जा सकता है। एक विक्रेता केवल अपने सुपरवाइज़री लाइसेंस में इंगित क्षेत्र के लिए पूर्णकालिक परमिट के लिए आवेदन कर सकत है। एक विक्रेता अपना सुपरवाइज़री लाइसेंस प्राप्त होने के बाद किसी भी समय आवेदन कर सकत है (जब तक लाइसेंस सक्रिय रहता है)। एक सुपरवाइज़री लाइसेंस धारक मोबाइल फूड वेंडर लाइसेंस धारक के समान किस्म के यूनिट्स में बिक्री कर सकता है।

- यदि आपके पास शहरव्यापी सुपरवाइज़री लाइसेंस है, तो आप किसी भी सुपरवाइज़री लाइसेंस-अनुमत यूनिट में सुपरवाइज़री लाइसेंस धारक के रूप में काम कर सकते हैं। यदि आपके पास गैर-Manhattan सुपरवाइज़री लाइसेंस है, तो Manhattan से बाहर किसी भी सुपरवाइज़री लाइसेंस-अनुमत यूनिट में सुपरवाइज़री लाइसेंस धारक के रूप में काम कर सकते हैं।

- यदि आपके सुपरवाइज़री लाइसेंस की समय-सीमा समाप्त हो जाती है, तो आप अपना सुपरवाइज़री लाइसेंस और सुपरवाइज़री लाइसेंस परमिट का अधिकार खो देंगे। आप बाद में किसी भी समय मोबाइल फूड वेंडर लाइसेंस पर लौट सकते हैं।
- यदि आप सुपरवाइज़री लाइसेंस से इनकार कर देते हैं, तो आप अपना मोबाइल फूड वेंडर लाइसेंस रख सकते हैं और अनुमत MFV यूनिट (सुपरवाइज़री लाइसेंस-अनुमत यूनिट सहित, यदि सुपरवाइज़री लाइसेंस धारक मौजूद है) में काम कर सकते हैं।

## मुझे सुपरवाइज़री लाइसेंस कैसे मिल सकता है?

जारी किए गए सुपरवाइज़री लाइसेंसों की संख्या कानून द्वारा सीमित है। आपको प्रतीक्षा सूची में मौजूद होना होगा और सुपरवाइज़री लाइसेंस आवेदन प्राप्त करने के लिए अपनी स्थिति संख्या पर पहुँचने की प्रतीक्षा करनी होगी। स्वास्थ्य विभाग निम्न के लिए प्रतीक्षा सूचियाँ बना रहा है:

- शहरव्यापी सुपरवाइज़री लाइसेंस।
- Manhattan को छोड़कर सभी NYC बरोज़ में उपयोग के लिए सुपरवाइज़री लाइसेंस (गैर-Manhattan)।
- विकलांग लोगों और सेवानिवृत्त अमेरिकी सैनिकों के लिए शहरव्यापी सुपरवाइज़री लाइसेंस।

स्वास्थ्य विभाग फॉल 2022 में निम्न के लिए शहरव्यापी और गैर-Manhattan सुपरवाइज़री लाइसेंस प्रतीक्षा सूचियाँ खोलेगा:

- वे विक्रेता जो एक पूर्ण-अवधि, शहरव्यापी या नगर-विशिष्ट परमिट के लिए प्रतीक्षा सूची में थे।
- वे विक्रेता जिनके पास 1 मार्च, 2017 या उससे अधिक समय से लगातार MFV लाइसेंस है।

स्वास्थ्य विभाग इन विक्रेताओं को एक प्रतीक्षा सूची चुनने के लिए आवेदन भेजेगा। प्रतीक्षा सूची चुनने के लिए प्रत्येक विक्रेता के पास 30 दिन का समय होगा। स्थानीय कानू के अनुसार प्रतीक्षा सूचियों को क्रमबद्ध किया जाएगा। जो विक्रेता पूर्णकालिक परमिट के लिए प्रतीक्षा सूची में थे और जिनके पास 1 मार्च, 2017 या उससे अधिक समय से लगातार मोबाइल फूड वेंडर लाइसेंस है, उन्हें प्राथमिकता दी जाती है।

सेवानिवृत्त अमेरिकी सैनिकों और विकलांग लोगों के लिए शहरव्यापी सुपरवाइज़री लाइसेंस की प्रतीक्षा सूची 2023 में खुलेगी। प्रतीक्षा सूची आवेदन अवधि खुली होने पर लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं को सूचित किया जाएगा।

## मेरे सुपरवाइज़री लाइसेंस प्रतीक्षा सूची में शामिल होने पर क्या होगा?

विक्रेताओं को सुपरवाइज़री लाइसेंस प्रतीक्षा सूची में उनकी स्थिति के बारे में डाक द्वारा सूचित किया जाएगा। प्रतीक्षा सूची में अपनी स्थिति संख्या और प्रत्येक प्रतीक्षा सूची के लिए प्राप्त हुई वर्तमान स्थिति संख्या देखने के लिए, **nyc.gov/health/mobilefood** पर जाएं। आपकी स्थिति संख्या पर पहुँचने पर, स्वास्थ्य विभाग आपको डाक द्वारा एक सुपरवाइज़री लाइसेंस आवेदन भेजेगा। अपना आवेदन जमा करने के लिए आपके पास 90 दिनों का समय होगा।

सभी सुपरवाइज़री लाइसेंस और परमिट की जानकारी रिकॉर्ड में मौजूद डाक पते पर भेजे जाएंगे। आप **onlineappsdocs@dcwp.nyc.gov** पर अपने लाइसेंस या परमिट नंबर सहित ईमेल भेजकर, या 212-436-0441 पर फ़ोन करके Manhattan (42 Broadway, Fifth Floor) या Queens (90-27 Sutphin Blvd., Fourth Floor) में Citywide Licensing Center (शहरव्यापी लाइसेंसिंग केंद्र) में जाने के लिए अपॉइंटमेंट लेकर अपना डाक पता अपडेट कर सकते हैं।

आपको अपने सुपरवाइज़री लाइसेंस के लिए जारी करने के प्रारंभिक शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। आपके नए सुपरवाइज़री लाइसेंस की समाप्ति तिथि आपके वर्तमान मोबाइल फूड वेंडर लाइसेंस के समान होगी। आपके सुपरवाइज़री लाइसेंस को दो साल के लिए नवीनीकृत करने में $438 का खर्च आएगा।

आपको अपना सुपरवाइज़री लाइसेंस मिलने के बाद, आपको एक परमिट आवेदन भेजा जाएगा। आपका सुपरवाइज़री लाइसेंस परमिट आवेदन जमा करने की कोई नियत तिथि नहीं है।

प्रत्येक विक्रेता को केवल एक परमिट मिल सकता है। यदि आपके पास पहले से एक परमिट है और सुपरवाइज़री लाइसेंस परमिट में बदल रहे हैं, तो अपना वर्तमान परमिट जमा करने के लिए, आपका सुपरवाइज़री लाइसेंस जारी किए जाने के बाद या वर्तमान परमिट की समय-सीमा समाप्त होने तक आपके पास 270 दिन हैं। यह प्रतिबंधित क्षेत्र परमिट्स पर लागू नहीं होता।